बिहार विधान सभा वादवृत्त।

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान सभा का काय विवरण।

सभा का अधिवेशन पटने के सभा सदन में सोमवार, तिथि ६ अप्रैल, १९५३ को पूर्वाह्न ११ बजे माननीय अध्यक्ष श्री विन्ध्येश्वरी प्रसाद वर्मा के सभापतित्व में हुआ।

---

## अल्प–सूचना प्रश्नोत्तर।

## SHORT-NOTICE QUESTIONS AND ANSWERS.

### नरकटियागंज चीनी मिल।

*७६। श्री राम सुन्दर तिवारी—क्या मंत्री, श्रम विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(क) क्या यह बात सही है कि नरकटियागंज चीनी मिल ठीक से चालू नहीं रहने से जनता को काफी असंतोष है;

(ख) क्या यह बात सही है कि हाल में ही मजदूरों के यूनियन के मामले के संबंध में प्लेबिसाइट होने वाला है, यदि हां, तो क्या यह बात सही है कि सीजन के चालू रहने में प्लेबिसाइट करने से क्रसिंग पर तथा जनता को काफी नुकसानी पहुंचेगी;

(ग) क्या सरकार क्रसिंग को तथा जनता की दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए सीजन खतम होने के दस रोज के लगभग पहले प्लेबिसाइट कराने का विचार करती है?

श्री बीरचन्द पटेल—(क) सरकार को इसकी कोई खबर नहीं है।

(ख) चीनी मिल मौसिमी होता है और उसके क्रसिंग सिजिन में प्लेबिसाइट हो सकता है और हुआ भी है। सीजन चालू रहने पर प्लेबिसाइट करने से क्रसिंग पर और जनता को कोई नुकसानी पहुंचने की कोई शंका नहीं थी और प्लेबिसाइट हो भी गया। इससे जनता को और क्रसिंग को कोई नुकसानी नहीं पहुंची है।

(ग) यह प्रश्न नहीं उठता है।

---

### नाजायज तरीके से जगल का काटा जाना।

†१२०। श्री चेतू राम—क्या मंत्री, राजस्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(क) क्या यह बात सही है कि गाय घाट, कलना, शीरी, महुलियाटांड़, थाना कौआकोल (गया) का जंगल गैर-कानूनी तरीके से कट गया है;

(ख) क्या यह बात सही है कि डिवीजनल फौरेस्ट औफिसर, गया के पास जनता का प्रार्थना-पत्र पड़ा और उन्होंने तारीख ९ जनवरी, १९५३ एवं २१ फरवरी, १९५३ ई० को जंगल की परीक्षा की मगर सरकार की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हुई और जंगल का काटना ज्यों का त्यों जारी रहा;

(ग) क्या यह बात सही है कि कौआकोल के फौरेस्ट स्टाफ तथा बीट औफिसर की कौआकोल में लापरवाही रहती है और जंगल कानून के विरुद्ध आचरण होता ह और निर्दोष हरिजन तथा इलाके के किसानों पर झूठा मुकदमा चलाते ह, यदि हां, तो क्या सरकार राज्य के किसी बड़े औफिसर द्वारा इसकी जांच करायगी;

---

*सदस्य की अनुपस्थिति में श्री यमुना राम के अनुरोध से उत्तर दिया गया।

†सदस्य की अनुपस्थिति में डा० रघुनन्दन प्रसाद के अनुरोध से उत्तर दिया गया।

### CLEARANCE OF THE BED OF RIVER MAHANANDA.

***1105. Shri MOHIUDDIN MUKHTAR :** Will the Minister for Irrigation be pleased to state—

(*a*) whether it is a fact that due to filling up of the bed of river Mahananda down to Barsoi Railway bridge in P.-S. Barsoi, district Purnea, the river Mahananda overflooded its banks twice in the last rainy season;

(*b*) whether it is a fact that it caused great damage to Bhadai crop and Aghani crop in the eastern part of Barsoi P.-S. and Azamnagar;

(*c*) if so, what protection do Government contemplate for the future?

**Shri RAMCHARITRA SINHA :** (*a*), (*b*) and (*c*) The answer is in the affirmative. It is a fact that damages to the crops have been caused to some extent.

The scheme for the training of Mahananda river and for affording relief to the area is under the investigation of the Irrigation Department.

---

### REKHA RIVER SCHEME.

***1106. Shri SHIVABRAT NARAYAN SINHA :** Will the Minister, in charge of the Irrigation Department, be pleased to state—

(*a*) whether it is a fact that investigation of the Batani River Scheme and Ram Rekha River Scheme in the district of Gaya, sub-division Aurangabad, were completed last year and even tenders have not been called;

(*b*) whether it is a fact that estimates even this year have been submitted to Government for these schemes;

(*c*) if so, when do Government propose to take up the aforesaid schemes?

**Shri RAMCHARITRA SINHA :** (*a*) and (*b*) Batani River Scheme is still under investigation of the local officers. Ramrekha River Scheme has been done this year and a scheme also for this river has been prepared and is under the technical investigation of the Chief Engineer, Irrigation. Tender has not yet been called for any of the scheme.

(*c*) Nothing definite can be said at this stage until the schemes are technically examined.